मानव मन्दिर

1194

1995



FORM I

(See Rule 8)

Place of Publication	Hoshiarpur.
Date of Publication	10th of every month
Periodicity of publication	Monthly
Printer's Name	Prem Prakash Sharma
Nationality	Indian
Address	Manavata Mandir, Hoshiarpur
Editor's Name	Prem Prakash Sharma
Nationality	Indian
Address	Manavata Mandir, Sutehti Road Hoshiarpur.
Name and address of individuals, who own the Manav Mandir or partners or shareholders, holding more than one percent of the total	Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur.

I, Prem Parkash Sharma hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Dated : 10 Signature of Publisher

Printed and Published by : Prem Praksh Sharma at Shiv Dev Rao Press, Manavta Mandir, Hoshiarpur for the Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur

मानवता मन्दिर होशियारपुर में अगला मासिक सत्संग 23-1-94 को होगा ।



Param Sant Param Dayal
Pt. Faqir Chand ji Maharaj



Param Sant Manav Dayal
Dr. I. C. Sharma Ji Maharaj

RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY
PURNADAYAL

मासिक---

मानव मन्दिर

विश्व में मानव मात्र के सामाजिक, सांस्कृतिक
और आध्यात्मिक कल्याण और विकास की
सेवा में संलग्न मासिक पत्र।

सम्पादक :
प्रेम प्रकाश शर्मा

वर्ष 20	सोमवार 10 जनवरी, 1994	संख्या 9

गुप्त रहस्य

दाता दयाल महर्षि शिवव्रत लाल वर्मन जी महाराज

भूमिका :

दातादय ल महर्षि शिवव्रत लाल जी का साहित्य सदा लोगों को प्रेरणा देता रहता है और देता रहेगा। बहुत से पुराने जिज्ञासु सत्संगियों के बार बार लिखने पर कि महर्षि जो कि छोटी छोटी पुस्तकों में, जो सारतत्व को जानने तथा आत्मिक उन्नति के लिए अत्यन्त सरल और साधारण बोलचाल की भाषा में, ज्ञान के अनेक तत्व दिए गए हैं, उन्हें समय समय पर मानव मन्दिर में प्रकाशित किया जाय। इनके अध्ययन से न हो केवल पढ़ने वालों को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि उनकी दृष्टि ऊंची, हृदय विशाल और आत्म ज्ञान के भाव सूक्ष्म बनेंगे, जो हवट पद पर पहुंचने के लिए आध्यात्मिक सीढ़ी सिद्ध होंगे। महर्षि जी के अनमोल वचन दैनिक जीवन को चाल में महत्वपूर्ण परिवर्तन उत्पन्न करके, सच्ची खुशी और स्थाई आनन्द प्राप्त कराने में सहायक होने के साथ, जिज्ञासु को असलियत की भी जानकारी करायेंगे और जीवन अमली ढाँचे में ढलेगा।

सत्संगियों की प्रार्थना पर पहले एक छोटी सी पुस्तक 'सत्संग के आठ वचन, मानव मन्दिर में प्रकाशित की जा चुकी है। आशा है पाठकों को यह पुस्तक बहुत पसन्द आयी होगी। लीजिए अब आपके समक्ष है महर्षि जी की अमूल्य भेंट 'गुप्त रहस्य' इस छोटी सी पुस्तक के अध्ययन से विशेष रूप से अभ्यासियों को बहुत लाभ होगा।

इस पुस्तक के पहले व दूसरे प्रकरण में गुरु के महत्व का वर्णन किया गया है। जब तक इस बात की समझ नहीं आती कि गुरु है क्या, तब तक केवल रस्मी तौर पर गुरु का आदर-मान करने से कुछ भी हाथ नहीं आएगा। यह एक रहस्य है, जिसकी समझ अभी तक बहुत कम लोगों में है।

सह-सम्पादक
'परमपूज्य श्रीमती भाग्य शर्मा,
माता जी)

गुप्त रहस्य

पहला प्रकरण गुरु का महत्व

1) लोग गुरुमत में आते हैं। रात दिन गुरु गुरु करते रहते हैं, परन्तु यह जानते नहीं कि गुरु है क्या और उन्होंने किस ध्येय को सामने रखकर गुरु किया है?

2) मानव जीवन सहारे का जीवन बन गया है। किसी को किसी का सहारा चाहिए, और किसी को

किसी का। कुछ तो मनुष्य प्राकृतिक रूप से ही सहारा चाचता है और कुछ मनुष्य ने स्वयं ही सहारे पर रहने की आदत बना ली है। जब यह बात समझ में आ गई कि हम बिना सहारे के कोई काम नहीं कर सकते तो यह सच्चाई भी समझ में आ जानी चाहिए कि यदि सहारा ढूँढना ही है, तो गुरु का ढूंढना चाहिए, क्योंकि गुरु का सहारा ही दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है।

3) कहते हैं कि तिनके का सहारा भी बहुत होता है। बात भी सच्ची है। प्राय: खतरनाक गड्ढे में गिरने वाले आदमी, तिनके का सहारा पा कर बच जाते हैं। लेकिन क्या कारण है कि गुरु का सर्वश्रेष्ठ सहारा लेने पर भी चेले को शान्ति नहीं मिलती, सन्तुष्टि की सूरत दिखाई नहीं देती। इसका मुख्य कारण यह है कि लोगों को गुरु धारण करने का अभिप्राय समझ में ही नहीं आता और न ही वे वास्तव में, गुरु का सहारा ही लेते हैं। कहने को तो लोग बिना समझे बूझे कहते रहते हैं कि गुरु का सहारा सर्वश्रेष्ठ है, परन्तु उनके व्यवहार से स्पष्ट होता है कि वे न तो गुरुमत में हैं और न ही गुरु को सहारा बनाए हैं। वे तो मनमत हैं और अपने मनमते के अहंकार में, मस्त और बेसुध रहते हैं। चूंकि ऐसे मनमतों का मन में अहंकार ही अहंकार भरा रहता है, उसमें गुरू को अन्दर जगह ही कहाँ मिलती है, सहारे की तो बात ही दूर रही। ऐसी दशा में वे परेशान रहते हैं। ऐसे

लोगों का जीवन यदि सुलझता या सुधरता नहीं तो इसमें, कोई आश्चर्य की बात नहीं। मन, काल और माया का गुलाम है और गुलामी की हालत में वह किस ओर बढ़ेगा? वह बढ़ेगा काल और माया की ओर। उस पग पग पर काल और माया की ठोकरें खानी पड़ेंगी। यदि मनुष्य ने अपने मन को गुरु के आधीन कर लिया होता या गुरु के सहारे को ढूंढा होता, तो उसे पग पग पर गुरु की सहायता बराबर मिलती रहती और वह सब आपत्तियों से सुरक्षित रहता।

4) काल और माया में दुःख है, क्योंकि यह क्षण भंगुर है और हर समय बदलते रहते हैं। इनमें स्थिरता नहीं है। अनुभव होने पर भी वह इस बात को समझता नहीं। इसलिए वह जब भी झुकेगा काल और माया की ओर ही झुकेगा। इस हालत में यह कैसे सम्भव है कि उसे गुरु का सहारा मिले।

5) गुरु नाम है दयाल का। दयाल वह है, जिसमें दया हो। काल नाम है समय का, बीते हुए समय का, जिसमें मसहलत व खींचतान हो। काल (समय) शैतान है, दयाल रहमान है काल के आधीन आदमी बहकता रहता है, जबकि गुरु के आधीन रहने से उसे शान्ति मिलती रहती है।

6) गुरु इष्ट है, आइडियल है। जिसने गुरु को मन मन दिया, उसे ही आनन्द और खुशी मिलती है।

7) मूर्ति बनाने वाला मूर्ति बनाता है, उसकी प्राण

प्रतिष्ठा करता है और अपनी ही बनायी हुई मूर्ति के सामने झुक कर कहता है :

"अखण्ड मण्डलाकारम् व्याप्तम् एन चराचरम्"

वह यह तो नहीं कहता, "ऐ पत्थर की मूर्ति मैंने तुम्हें बनाया है संवारा है, सिंगारा है।" बल्कि कहता है, 'तू सर्वव्यापक है।"

8) दयाल मत भी काफी हद तक मूर्ति पूजा का मत है, अन्तर केवल जड़ और चेतना का है। जड़ मूर्ति से जड़ भाव उत्पन्न होते हैं और चैतन्य वस्तु से चैतन्य भाव। चैतन्य मूर्ति को लोग उस दृष्टि से नहीं देखते जैसे कि एक सीधा सादा मूर्तिपूजक पत्थर की मूर्ति को देखता है। लोगों ने तो बस यह समझ रखा है कि यह चैतन्य गुरु की मूर्ति तो मनुष्य है। यही कारण है कि गुरु की ओर मन पूरी तरह नहीं झुकता। यद्यपि स्पष्ट शब्दों में यह कहा गया है :

गुरु को मानुष जानते,
ते नर कहिए अन्ध।
होंय दुःखी संसार में,
आगे जम का फन्द॥
गुरु को मानुष मानते,
चरणामृत को पान।
ते नर नरक ही जायेंगे,
जन्म जन्म होय स्वान॥

जो गुरु को केवल मनुष्य ही समझते हैं, उनको इतनी

भी समझ नहीं, जितनी कि एक साधे साधे मूर्तिपूजक को है। मूर्ति पूजक तो मूर्ति को मूर्ति नहीं समझता, उसे साक्षात् भगवान मानता है। यदि मनुष्य को जड़ और चैतन्य मूर्ति के अन्दर का ज्ञान हो जाए तो उसे मनमते के ख्याल से सुगमता से छुटकारा मिल सकता है और वह गुरुमुख हो सकता है।

मनुष्य ने संकीर्णता के कारण, अपनी दृष्टि को अध्यात्म की ओर ऊंचा उठने का अवसर ही नहीं दिया। व्यक्ति जहां थे, बस वहीं ठहर गए। अभिमान के नशे में चूर रहे। मुसलमान नमाज़ पढ़ते समय अपनी पगड़ी उतार कर सामने रख देता है और उसे क़िबला (काबा) बनाता है। पगड़ी तो पगड़ी है। क़िबाला बनाने का मतलब यह होता है कि उसकी दृष्टि पगड़ी से दूर न जाय। उसे वह काबा समझ कर दृष्टि उसी पर टिकाये रखे और इसी ही दृष्टि के टिकाव में वह अपनी नियाज़ की पूजा के काम को पूरा करे। यदि सन्तमत के सत्संगी को नमाज़ पढ़ने वाले के समान इतनी भी समझ बूझ नहीं है, तो हम कैसे मान लें कि वह सत्संगी है, वह दयाल मत में सम्मिलित हुआ है। किसी व्यक्ति को उसकी ज़बानी बातों द्वारा मत पहचानो। यह देखो कि ज़बानी बातें करने वाले का मन अहंकार रहित हुआ है कि नहीं। यदि अभी तक भी उसका मन जीवित है, अहंकारी है और गुरु का प्रभाव उसमें नहीं आया, तो यह समझ लीजिए कि ऐसा व्यक्ति अभी तक काल-मत में ही है।

गुरु की मौज रहो तुम धार,
गुरु की रज़ा समझ लो यार।

नहीं तू मानता मतिमन्द,
इसी से भागता दुःखद्वन्द ॥

जिसे गुरु नहीं मिला, उसके ख़्याल को कोई पक्का या सच्चा ठिकाना नहीं मिला। वह जब भी कुछ कहेगा, अपने ही विषय में कहेगा। वह अपनी दृढ़ता को छोड़ेगा नहीं। परन्तु दयाल के भक्तों की दशा, इसके बिल्कुल प्रतिकूल है। दयाल के भक्त बड़े कोमल हृदय होते हैं। गुरु की मौज का सहारा लेकर वह अभिमानरहित हो जाते हैं। वे अपने विषय में कुछ नहीं बोलते। उनकी दृष्टि तो बस गुरु की ओर ही जाती है, जिससे उन्हें क्षण प्रतिक्षण शान्ति, प्रेम, सुख तथा आनन्द मिलता है।

काल मत में रहने वालों के भाग्य में झकोले ही झकोले हैं, क्योंकि उनके अन्दर, अहंकार और अभिमान ने जो काल का असली स्वरूप है घर कर लिया है। इसी कारण काल-मत में रहने वालों के अन्दर कठोरता भरी रहती है और यह कठोरता उन्हें गड्ढे में गिराती रहती है। ऐसे व्यक्तियों के अन्दर दूरदर्शिता तो कभी आ ही नहीं सकती। न ये दूरन्देश होंगे और न परिणामदर्शिता का ज्ञान इनमें आ सकता है। बस, जैसा समय आया, उसी के ही हो रहेंगे। उनकी समझ में यह नहीं आता कि समय हमेशा बदलता रहता है।

सुबह होती है शाम होती है।
उम्र यूं ही तमाम होती है॥"

दुनिया के जितने भी मत हैं, सभी लगभग कालमत कहलाते हैं, क्योंकि सब में मनमते का गुप्त रहस्य है। दयालमत में मनमते का रहस्य [illegible] जाता है या समाप्त हो जाता है। उसमें मन का जीवन नहीं रहता, किन्तु गुरु का जीवन काम करता है। ऐसे जीवित मुरीद (शिष्य) के सिर पर पहाड़ भी पड़ जाये, तो भी वह गुरु का नाम लेता हुआ, उसकी परवाह नहीं करता।

अब सवाल यह है कि किस प्रकार मनुष्य मनमते से छुटकारा पा कर गुरुमते की ओर जाये। इसका संक्षिप्त उत्तर यह है :—

"ध्यान मूलम गुरु मूर्ति,
पूजा मूलम गुरु पदम् ।
मन्त्र मूलम गुरोर्वावाक्यम्,
मोक्ष मूलम गुरु कृपा ॥"

किसी ऐसे पूर्णपुरुष से सम्बन्ध पैदा किया जाये, जिसका बासा चौथे पद में हो और जो अशब्द गति में सदा लीन रहता हो।

लेखक तथा सेवक के उद्‌गार

सेवक

परमसन्त परमदयाल पण्डित फकीरचन्द जी महाराज

"नाम गुमनामी में है और बे निशानी में निशां।"

हम इस लेखक का शीर्षक लेखक तथा सेवक के उद्‌गार इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि लेखक महोदय सेवक के नाम से ही इसको प्रकाशित करवाना चाह रहे हैं। वह लिखते हैं कि लेखक दाता दयाल महर्षि शिवव्रत लाल जी वर्मन एम० ए० एल० एल० डी के प्रेम से पाला हुआ एक भोला-भाला बालक है, जो आज परमपूज्य पिता जी परमदयाल पण्डित फकीरचन्द जी महाराज के चरणों का एक तुच्छ से तुच्छ दास है, सेवक है। भविष्य में जो कुछ भी इस बालक द्वारा लिखा जायेगा सेवक के नाम से ही प्रकाशित होगा।

जब दाता ने अपना चोला त्याग दिया, तो सेवक बहुत ही दुःखी हुआ और सदैव इस खोज में लगा रहा कि कोई सच्चा समय का सद्‌गुरु उसे मिल जाय, क्योंकि सेवक का यह दृढ़ विश्वास था कि इस संसार में, बिना जीवित गुरु के

झगड़ों और झमेलों से छुटकारा नहीं मिल सकता और न ही व्यक्ति मुक्ति प्राप्त कर सकता है। सेवक बहुत ही दु:खी था अचानक एक दिन उसको दृष्टि एक ऐसी पत्रिका पर पड़ी, जिसके टाइटल के पृष्ठ पर हिन्दी में 'मनुष्य बनो' उर्दू में 'इन्सान बनो' गुरुमुखी में 'मनुख बनो' तथा अंग्रेजी में 'BE MAN' लिखा हुआ था।

जब तलब में हद्दे इम्कां से गुज़र जाता हूं मैं।
फिर उन्हें अपनी तरफ़ बढ़ता हुआ पाता हूं मैं॥

इस पत्रिका को कुछ वर्ष तक बड़े प्रेम से पढ़ता रहा और इससे सेवक के मन को बहुत शान्ति मिली। अन्त में पूर्ण विश्वास रखता हुआ सेवक परमपिता की आपार कृपा से उनके चरणों में अपनी अन्तिम आयु बिताने के लिए उपस्थित हो गया। या यूं कहिए कि उनकी ही अपार दया स्वयं उनके चरणों में ले गई।

ऐसे लगा कि सेवक का दोबारा जन्म हुआ। वहां उनके चरणों की शरण में रहने के पश्चात यह अनुभव हुआ कि जब हम सब संसारी जीव मानव के रूप में उत्पन्न होते हैं, तो हमें मानव बन कर ही रहना चाहिए। परन्तु दु:ख की बात तो यह है कि हम सच्चे मानव नहीं हैं। सेवक सब को मानव मानता है, क्योंकि वास्तव में हम हैं ही मानव, मनु की सन्तान। सेवक इसी भाव को ध्यान में रख कर लिख रहा है।

वह कौनसी जीवन परम्परा या मर्यादा है, जिसको रहनी तथा गहनी कहते हैं, जिस से कि हम, इस संसार में मानव

बन जाय ?

"All are born as human beings, but we usually behave like beas s or animals. The sevak or servant will like to give his personal observations and suggest how to behave like a true human being in the service of God."

"सब मनुष्यों की उत्पत्ति मानव के ही रूप तथा स्थिति में हुई है, किन्तु हमारी रहनी मानव जैसी नहीं, बल्कि एक पशु जैसी है। सेवक अपने निज अनुभव के आधार पर आपको यह बताना चाहेगा कि हम किस प्रकार मानवता का व्यवहार करें और प्राणीमात्र की सेवा में वास्तविक रूप में मनुष्य बनें।

गर्भधान से पूर्व तथा उसके पश्चात हम विवाह करते हैं और विवाह का अर्थ या उद्देश्य प्राचीन सभ्यता के अनुसार सन्तान पैदा करना है। ऐसी सन्तान जो नेक हो, सदाचारी हो, आज्ञाकारी हो, माता पिता सम्बन्धियों, जाति तथा देश की सेवा करने वाली हो। कोई धर्म, सम्प्रदाय या पन्थ यह नहीं कहता कि बुरी सन्तान पैदा करो।

जब एक स्त्री तथा पुरुष सहवास करते हैं, तब स्त्री को सन्तान पैदा न हो अर्थात गर्भ न रह जाय यह सम्भव नहीं। यह बात दूसरी है किसी के रज और वीर्य में त्रुटि हो।

आजकल जो अन्धाधुन्ध सन्तानें हो रही हैं, इस विचार से उनको उत्पन्न नहीं किया जाता कि वे नेक सदाचारी मनुष्य बन कर मानवमात्र की सेवा करें। विवाह का उद्देश्य

भोग विलास ही रह गया है, अधिक से अधिक भोग विलास। पहले तो कोई सन्तान चाहता ही नहीं। जब गर्भ ठहर जाता है, तो गर्भपात कराने के तरीके ढूंढे जाते हैं, उसके बावजूद भी यदि सन्तान हो जाती है तो ऐसी सन्तान से आप क्या आशा रख सकते हो। क्या वे देशभक्त सदाचारी या माता पिता को आज्ञापालन करने वाले हो सकते हैं? हरगिज़ नहीं। ऐसी बिना बुलाई सन्तानें आगे चल कर समाज में समस्याएं उत्पन्न करती हैं इसका परिणाम आप न ही केवल भारत में बल्कि संसार भर में देख रहे हैं। विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता, जो न स्वयं पढ़ते हैं और न ही दूसरों को पढ़ने देते हैं, यहाँ तक कि वह अपने गुरुओं तथा शिक्षकों का भी आदर नहीं करते हर देश, हर राष्ट्र, हर जाति का दिन प्रतिदिन पतन हो रहा है हिंसा का साम्राज्य फैल रहा है, विश्वभर में अशान्ति फैल रही है। क्यों?

सेवक सोचता है कि इस अराजकता तथा अशान्ति फैलाने के उत्तरदायी संसार भर के माता पिता ही हैं, जो सन्तान की दृष्टि से सन्तान पैदा नहीं करते। सेवक का विचार है कि जब स्त्री गर्भवती हो, तो पुरुष उससे भोग विलास करना बन्द कर दे और स्त्री को चाहिए कि वह हर समय अपने मन में शुभ संकल्प, शुभ भावनायें और महा-पुरुषों का ध्यान और स्वाध्याय करते हुए प्रसन्नचित तथा शान्तिपूर्वक गर्भ समय को बिताए, इससे सन्तान अवश्य ही होनहार, तेजवान, बलवान, साहसी तथा सदाचारी होगी। सेवक का विचार है कि जब तक बच्चा मां का दूध पीता है स्त्री पुरुष सहवास की भावना को मन में ही न लायें और

न हो बच्चे के सामने ऐसा कोई कर्म करें, जिससे विलासता टपकती हो। यदि आप अपनी सन्तान को नेक तथा सदाचारी बनाना चाहते हैं तो पहले आपको अपने आपको नेक तथा बनाना होगा।

सेवक का जो मुख्य विषय है वह है मनुष्य क्या है? आत्मा क्या है? परमात्मा क्या है? भक्ति और मालिक का मिलाप कैसे प्राप्त हो सकता है? मानव के कर्त्तव्य क्या हैं? निष्काम कर्म या निस्वार्थ कर्म का क्या आशय है? सबसे पहला और मुख्य प्रश्न है परमात्मा के अस्तित्व का।

सेवक कहता है कि ईश्वर है। सेवक अद्वैत का मानने वाला है। प्रकृति कहो, नेचर कहो, माया कहो जो भी कुछ इस सृष्टि में दृष्टिगोचर हो रहा है ईश्वर या परमेश्वर का ही प्राकट्य है। सूर्य के प्रकाश में उसकी ही लालिमा है, चन्द्रमा के सौन्दर्य में उसकी ही शीतलता है, आनन्द में, परमानन्द में उसकी ही सत्ता है। समुद्र में उसकी ही गहराई है और आकाश में उसकी ही ऊंचाई है। पृथ्वी पर उसी ही का आदेश काम कर रहा है। सृष्टि के कण कण में वह ही ओत प्रोत है। यदि वह न हो तो यह समस्त खेल नष्ट भ्रष्ट हो जाय।

वह आंख से नहीं देखता, किन्तु आंख उससे देखती है। वह कान से नहीं सुनता, किन्तु कान उससे सुनते हैं। वह जिह्वा से बोलता नहीं, किन्तु जिह्वा उससे बोलती है। वह स्वांस से दम नहीं लेता, बल्कि स्वांस उससे दम लेती है। वह मन से विचार नहीं करता, किन्तु मन उससे विचार करता है। अतः वह आँख

आँख है, कान का कान है, जिभ्या की जिभ्या है, जान को जान है, प्राण का प्राण है, मन का मन है आदि।

पुरुष व प्रकृति उसी की ही देख-रेख में चलते हैं। अब प्रश्न उठता है यदि परमात्मा प्रत्येक वस्तु में विद्यमान है और यदि चारों ओर अद्वैत का प्राकट्य है तो फिर द्वैत कैसा ? इसका उत्तर यह है कि प्रत्येक वस्तु की वास्तविक उत्पत्ति एक ही है। अन्तर है केवल नाम रूप का। कुम्हार के पास मिट्टी केवल एक ही होती है, वह उसी ही मिट्टी से सुराही, प्याला, मटका, हांडियां, नांद, आदि आदि बनाता है। मिटटी तो एक ही है बर्तनों के नाम तथा शकलें अलग अलग हैं। इसी का नाम ही माया है और इसी को ही धोखा, मोह, भ्रम या अज्ञान कहते हैं।

परमात्मा के ज्ञान हो जाने के पश्चात् मानव का सही ज्ञान प्राप्त करना भी अनिवार्य है। जिस प्रकार परमेश्वर की प्रकृति के तीन रूप अपरा प्रकृति, परा प्रकृति और परमेश्वर हैं इसी प्रकार मानव की प्रकृति की दशा है।

1) स्थूल शरीर : अर्थात् तन, देह, शरीर मानव की अपरा प्रकृति है।

2) सूक्ष्म शरीर : अर्थात् मन, चित, बुद्धि, और अहंकार उसकी परा प्रकृति हैं।

3) कारण शरीर : आत्मा अर्थात् कारण प्रकृति, जिसका नाम मानव है

क्रमिक उन्नति (Process of Evolution)

हमारे प्राचीन खण्डहर, जिनकी आयु वैज्ञानिकों ने लखों वर्ष लगाई है, वह भी अधूरी है। हम कभी स्टोन एज में थे, कभी ब्रोन्ज़ एज में। हम सब क्रमिक उन्नति की दशा से गुज़र रहे हैं। जो मानव इस योनि में निर्बल है या उसमें कुछ दोष आदि हैं और वह उनको सच्चे दिल से दूर करने की कोशिश करता रहता है, चाहे वह इस जन्म में सफल हो या न हो, वह अगले जन्म में अवश्य श्रेष्ठ जीवन में आएगा। यदि वह इस जन्म में सांसारिक झगड़ों और हेरा फेरी से बचने की कोशिश नहीं करता, तो वह अगले जन्म में भी इस क्रमिक उन्नति के सिद्धान्त के अनुसार श्रेष्ठ या उत्तम मानव नहीं बनेगा।

सच्चा मनुष्य कैसे बना जाय ? 'मनुष्य बनो' एक अपूर्व और मन मोहक शब्द है। यदि हम सचमुच ही मनुष्य बन जाते तो बिश्व में अशान्ति का साम्राज्य नहीं होता। हमारे यहां दस अवतार मुख्य माने गए हैं। यदि ध्यानपूर्वक सोचा जाय तो सभी दसों अवतार मनुष्य के इस जीवन में आदि से अन्त तक पूरे हो जाते हैं। एक सच्चे मानव के लिए इन सभी दसों अवतारों की श्रेणियों से पार होना अनिवार्य माना गया है। प्राचीन काल से ही यह धारणा प्रबल थी कि समस्त संसार का एक ही धर्म होना चाहिए और आज भी इस बात पर बल दिया जा रहा है। ऐसा होना सम्भव है या नहीं, इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता। फिर भी मालिक की अपार कृपा से समय समय पर सन्तों का जन्म हुआ है, हो रहा है और होता रहेगा। सन्तमत के पथ प्रदर्शक सन्त कबीर, गुरु नानक देव, राधा-स्वामी दयाल जी महाराज तथा अनेक दूसरे सन्त, महात्मा

और सूफ़ी हुए हैं, जिनकी शिक्षा धार्मिक जगत् में अपना अपूर्व स्थान रखती है। उनकी शिक्षा और वाणी में, वह वस्तु मिलती है, जो किसी शास्त्र आदि में पूर्णरूप से नहीं मिलती। जीवन का जो आनन्द सन्तमत की शिक्षा में है उसकी तुलना नहीं की जा सकती। परन्तु यह आनन्द प्राप्त तभी होता है जब जिज्ञासु साधन तथा अभ्यास करे और सत्पुरुषों का संग करे और सच्चे हृदय से शरणागत हो जाए।

❋ ❋ ❋

सत्संग

परमसन्त मानव दयाल जी महाराज

हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश) 7-2-92

तू दया का रूप प्यारे,
तू दया भंडार है ।
कर दया दृष्टि दयामय,
तुझ ही से अधिकार है ॥
सन्त सदगुरु तुझको कहते,
है नहीं मैं जानता।
मेरे अनुभव में दया करूणा का,
तू भंडार है ॥
मेरे दाता शीश पर मेरे,
दया का हाथ रख ।
तू है दानी दीन बन्धु,
जगत् का दातार है ॥
मेरे अन्तर में समाना,
मेरे सांसों सांस में ।
तू है व्यापक यह समझ दे,
सच्चा जो अधिकार है ॥
आस रखकर गुरु कृपा की,
नित करो अभ्यास तुम।

रात दिन छिन छिन तुम्हारा,
वह सदा रखवार है ॥
छोड़ो ममता छल कपट चतुराई,
गुरु से नेह जोड़ ।
भक्ति उसकी कर,
वह सच्चा प्रेम का भंडार है ॥
राधास्वामी राधास्वामी,
राधास्वामी को सुमिर ।
राधास्वामी सर्व रक्षक,
सर्वदा अधिकार है ॥

गुरु र्देवजगत् व्याप्तं, ब्रह्मा विष्णु शिवात्मकम् ।
गुरोः परतरं नहिं किंचित्, तस्मै श्री गुरवे नमः ॥
मानव धर्मस्य धातारं, दातादयालस्य प्रियतमम् ।
सन्त धर्मस्य गोप्तारं, फकीरं वन्दे जगद्गुरुम् ॥

राधास्वामी :

मेरी अपनी ही आत्मा के स्वरूप, सद्गुरु रूप उपस्थित सत्संगी भाइयो और बहनों ! हैदराबाद के इस दौरे के सिलसिले में यह तीसरा सत्संग है। इस सत्संग के लिए दातादयाल जी महाराज का जो शब्द पढ़ा गया है, वह बहुत ही मार्मिक है। यह गुरु परम्परा उपनिषद काल से चली आ रही है। राधास्वामी मत कोई नया मत नहीं है। यह सनातन धर्म के विकास की अन्तिम सीढ़ी है। यह मत हर समय मौजूद था। समय की ज़रूरत के मुताबिक सन्तों ने अवतार लिए। भगवद्गीता में भगवान कृष्ण जी ने कहा है :

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥

भगवान श्री कृष्ण जी ने अर्जुन से कहा, "हे अर्जुन! यह सुरत शब्द योग, पराभक्ति का योग मैंने सबसे पहले विवस्वानु को बताया था। आगे चलकर विवस्सुवान ने इस रहस्य को मनु को बताया और मनु ने इक्ष्वाकु को बताया। इक्ष्वाकु के द्वारा यह योग राज ऋषियों में प्रचलित हुआ। इस योग के द्वारा उन्होंने परमतत्व को प्राप्त किया। मैं तुम्हें आज उसी योग को बता रहा हूं।" अर्जुन के मन में सन्देह हुआ। अर्जुन ने कहा, "महाराज! विवस्सुवान तो बहुत पहले हुए और आप अब हुए हैं, तो मैं कैसे मानूं कि आपने विवस्सुवान को भी यह योग बताया था।" यह बात सुनकर भगवान श्री कृष्ण जो ने अर्जुन को कहा :

"यदा यदा हि धर्मस्य ग्लनिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥

वैसे गुरु, परमतत्व, मालिकेकुल न कभी पैदा होता है न कभी मरता है। वह जगत् का सृजन करता है, उसका पालनपोषण करता है और फिर उसे अपने में समाविष्ट कर लेता है। यह उस मालिक की मौज है, खेल है। अब प्रश्न उठता है कि उस मालिक को जगत् बनाने की क्या जरूरत थी? हमें दुःख में तड़पाने की क्या जरूरत थी? इस सवाल का जबाब ऋषियों को एक सभा में दिया गया। सभा में किसी ऋषि ने कहा कि यह उस मालिक की लीला है। लीला कहते हैं खेल का। लेकिन इस लीला का या

खेल का कोई मकसद होना चाहिए। वैसे खेल का कोई मकसद नहीं होता। खेल में आनन्द मिलता है। इसलिए खेल को सुलक्ष्य कहते हैं। वह अपना लक्ष्य आप है। बच्चा क्यों खेलता है? इस सिद्धान्त पर भी विचार किया गया। कहते हैं कि बच्चे के अन्दर जरूरत से ज्यादा शक्ति होती है। जब बच्चे के अन्दर शक्ति ज्यादा हो जाती है, तो वह उस शक्ति का प्रयोग खेल में करता है। यह जितनी भी रचना है, वह मालिक की वासना से हुई है। हम जो कुछ भी रचना करते हैं, उस रचना से पहले वासना होती है। उस वासना को पूरा करने के लिए हम रचना करते हैं। वैसे वासना शब्द मालिक के साथ जोड़ना गलत है, क्योंकि वासना में कमी होती है और मालिक में कोई कमी नहीं है। इसलिए इसे मालिक की मौज कह सकते हैं। एक दृष्टि से जब उसके अन्दर हिलोर आती है, तो उसकी माचुर्य शक्ति बाहर बहने लगती है जिससे जगत् की सृष्टि हो जाती है, तो यह उस मालिक की लीला है। ऋषियों ने सृष्टि के सम्बन्ध में बताया कि ब्रह्म एक था। उसने इच्छा की कि वह अनेक हो जाये। "एको हम: बहुस्याम" मैं एक हूं अनेक हो जाऊं। जब अनेकत्व में आकर वह ऊब गया, तो उसने कहा. "मैं एक हो जाऊं"। यह सृष्टि उस मालिक का स्वभाव है। जैसे हीरे का स्वभाव है हीरे के अन्दर से किरणें निकलती हैं और फिर उसमें समा जाती है। किरणें निकलती हैं और जगत् बनता है। भूरभुव: स्व: महा: जन: तप: सत्यम् और कोटि कोटि ब्रह्माण्ड बनते हैं। हम उसी मालिक से निकले हैं। हम इस जगत का तमाशा देखने के लिए आए। जहां से हम आए है, वहां कुछ भी नहीं था। विमायें नहीं थीं। भौतिक शरीर नहीं था।

मनोरथ कोष, प्राणमय कोष, विज्ञानमय कोष, आनन्दमय कोष नहीं था। वह मालिक अपने आप में विशुद्ध ज़ातेपाक निजस्वरूप है। उसके अन्दर कोई विकार नहीं है। वह अविनाशी है, प्रेम का भंडार है :

सन्त सतगुरु तुझको कहते हैं,
नहीं मैं जानता ।
मेरे अनुभव में दया करूणा का,
तू भंडार है ।

अब आप सन्तसतगुरु मानो या मानो, लेकिन वह तुम्हारे अन्दर भी मौजूद है। यह दया और करूणा ऊपर बैठे हुए ज़ाते पाक में नहीं है। यह दया तब आती है, जब मालिके कुल मनुष्य के शरीर में आता है।

तू दया का रूप प्यारे,
तू दया भण्डार है ।
कर दया दृष्टि दयामय,
तुझ ही से अधिकार है ॥

वह प्यारा दया का रूप क्यों है ? क्योंकि जब हम उस प्रीतम के अन्दर मिले हुए थे, तब हम एक थे। प्रेम की पराकाष्ठा के अन्दर तू और मैं दोनों समाप्त हो जाते हैं। दोपना नहीं रहता। दातादयाल जी कहते हैं कि उस मालिक को अनामी कहो, अनन्त दया का अनन्त सागर कहो, दयाल कहो, चैतन्य कहो, लेकिन मैं उसे प्रेम का सागर मानता हूं। उसने यह जगत् क्यों बनाया ? हमें प्रेम का अनुभव कराने के लिए। जब हम उस मालिक से अलग होंगे तो अलग होकर

हमें पता चलेगा कि प्रेम क्या चीज़ है। जिससे हम प्रेम करते हैं, उसका मूल्य तब होता है, जब उससे बिछुड़ते हैं। इसलिए जब हम उस मालिक से बिछुड़ कर जगत् में आए, तब हमें उसके मूल्य का पता लगा। इसलिए यह जगत् प्रेममय है और प्रेम के अनुभव के लिए बनाया गया है। इस जगत् में आकर के हमें यह पता चलता है कि हमारा सच्चा प्रीतम कौन है? असली प्रीतम की तड़प हमारे अन्दर मौजूद है। प्रेम के अनेक रूप हैं। ईर्ष्या भी प्रेम है। जब कोई ईर्ष्या करता है तो, वह इसलिए करता है कि जिसको वह प्रेम करता है उसको कोई और प्रेम न करे।

कल मैंने आपको बताया था कि यह जगत परमाणुओं से बना है। परमाणु क्या है? परमाणु के अन्दर एक केन्द्र होता है, और उसके चारों तरफ इलैक्ट्रान प्रोटीन अर्थात आकर्षण, विकर्षण शक्तियां को परिक्रमा कर रही हैं। आकर्षण और विकर्षण तत्व क्या है? ये हैं प्यार और नफरत। इनको बनाये रखने वाली शक्ति है, परमतत्व मालिक की।

'गुरुर्देव जगद् व्याप्तं।
ब्रह्मा विष्णु शिवात्मकम्।
गुरुः परतरं नहिं किंचित् 'तस्मै श्री गुरवे नमः'

अर्थात् गुरु रूपी दिव्य शक्ति ब्रह्मा, विष्णु और शिव अर्थात् सृष्टि, स्थिति और प्रलय के रूप में सारे जगत् में ओत प्रोत है। इस दिव्य शक्ति से परे और कुछ भी नहीं है। इसलिए ऐसे गुरु को नमस्कार है।

गुरु से परे और कोई चीज़ नहीं है। वह गुरु जिसने यह जगत् बनाया, प्रेममय है। मैं कहता हूं कि नफ़रत भी तो प्रेम है। अब आप कैसे मानेंगे कि नफरत प्रेम है? जब आप किसी व्यक्ति से नफरत करते हैं, तो नहीं चाहते कि उसके अन्दर बुराईयां हों। आप उसके साथ प्रेम कर रहे हैं। यह जगत् प्रेम के लिए बना है। मालिक को मिलने का एकमात्र रास्ता है प्रेम? उसकी पराकाष्ठा प्रेम की पराकाष्ठा है।

वह सद्गुरु जो परमतत्वाधार है, जगत् के अ दर व्याप्त है और हमारे अन्दर भी मौजूद है। उसने देखा कि मेरे अंश यहां आकर फंस गए हैं, तो वह स्वयं मनुष्य का चोला धारण करके इस जगत् में अपने अंशों को ढूंढने आया। तुम उसे ढूंढ रहे हो,वह तुम्हें ढूंढ रहा है। इसीलिए भगवान कृष्ण ने कहा :

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥

जब जब धर्म की हानि होती है, प्रेम समाप्त होने लगता है और नफरत बढ़ती है, तब मैं अपने आपको प्रगट करता हूं। एक राजा था। उसका वज़ीर बड़ा भक्त था, तथा ईश्वर को मानता था। वह जानता था कि मालिक अपने भक्तों को जगाने के लिए स्वयं अवतार लेता है। एक दिन राजा ने कहा, "वज़ीर यह कैसे हो सकता है कि वह मालिक स्वय जगत् में आए। उसके तो बहुत सारे कर्मचारी होंगे। वज़ीर ने कहा, "महाराज ! मैं आपके इस

सवाल का जवाब अवश्य दूंगा।" वज़ीर ने राजा के पुत्र की शक्ल का एक पुतला बनवाया। वज़ीर ने राजा से कहा, "महाराज! चलिए! आज किश्ती की सैर करने चलें।" राजा चल दिया। जैसे ही किश्ती भवर के पास पहुंची, कि वज़ीर ने उस पुतले को पानी में फैंक दिया। राजा ने समझा कि मेरे बच्चे को फैंक दिया। राजा ने बिना सोचे समझे ही पानी में छलाँग लगादी और पुतले को बाहर ले आया। वजीर ने कहा, "महाराज! आप अपने पुत्र के पुतले को बचाने के लिए स्वयं कूद पड़े। आपने मुझसे तो नहीं कहा। जब कि मैं भी बैठा था।" इसी प्रकार वह मालिक हमारा पिता है, और वह स्वयं हो अ ता है जो तड़प अपने बच्चे के लिए पिता को हो सकती है, वह किसी और को नहीं हो सकती।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

अगर इसका साधारण अर्थ लिया जाए, तो वह इस प्रकार होगा। इस जगत् में जब जब धर्म पर एवं सत्य पर अधर्म अथवा असत्य हावी हो जाता है, तब तब मैं स्वयं मनुष्य के रूप में अवतरित होता हूं।

मेरे एक इसाई विद्या गुरु थे। वह मुझे बड़ा प्यार करते थे। एक बार वह मुझे चर्च ले गए। उन्होंने बताया कि इसाई धर्म क्यों अच्छा है? ईसा ने कहा है कि मैं गुनाहगारों के लिए आया हूं, दुष्टों के लिए आया हूं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जी तो संहार के लिए आए थे। इसलिए जीजस क्राइस्ट का जो प्रेम का आदर्श

है, यह बहुत ऊंचा है। मेरे विद्या गुरु ने तो समझ लिया कि मैं पूरी तरह से इसाई धर्म को अपना लूंगा लेकिन मुझे इसाई होने की क्या जरूरत ? हमारे अपने धर्म में इसाई धर्म तो क्या, सभी धर्म मोजूद हैं। जब मेरे विद्या गुरु ने भाषण समाप्त किया तो मैंने कहा, "मैं कुछ कहना चाहता हूं।" उन्होंने मुझे आज्ञा दे दी। मैं स्टेज पर आ गया मैंने कहा, "अभी अभी मेरे विद्या गुरु ने बताया :

'परित्राणायसाधूनाम विनाशाय चतुष्टताम्'

मान लिया कि भगवान श्री कृष्ण जी दुष्कर्मों का नाश करने या संहार करने के लिए आए, मगर उन्होंने नवें अध्याय में कहा है :

अपिचेतो दुराचारो साधुरेव

जो दुष्ट हैं दुराचारी हैं मगर वह मेरे से ही प्रेम करते हैं, भजते भाव अनन्यभाव जो लगातार मेरे पर ध्यान लगाते हैं, वह साधु ही हैं।

इसमें मारकाट की बात नहीं है। यह उद्देश्य है परमतत्व आधार का। कृष्ण ने कहा :

बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तब चार्जुन।

अर्थात् सद्गुरु बार बार अनेक रूपों में आता है। इस जगत् में सत्संगी भी अनेक रूपों में हैं। मैं सब को जानता हूं, मगर अर्जुन तू उनको नहीं जानता। यह गुरुमत की परम्परा ऋषियों के समय से चली आ रही है। वह अनेक रूपों में अवतार लेता है।

नाना विधि राम अवतारा।
रामायण शत कोटि अपारा॥

वह परमतत्व मनुष्य चोले में आकर अनेक प्रकार के खेल खेलता। करोड़ों राम हैं औ करोड़ों रामायण हैं।

इसलिए दातादयाल जी महाराज ने कहा है:

सन्त सतगुरु तुझको कहते हैं नहीं मैं जानता,
मेरे अनुभव में दया करूणा का तू भंडार है।

दया व करूणा का भण्डार तब होता है, जब वह मनुष्य के चोले में आता है। भाव अनुभाव सब मनुष्य के ही चोले में होते हैं। देवताओं के भाव अनुभाव नहीं होते। देवता तो निष्ठुरता से अपना काम करते चले जाते हैं। प्रेम की पराकाष्ठा के लिए तो वह मालिक मनुष्य के चोले में आता है। जिससे मनुष्य उससे प्रेम करने लगते हैं।

मेरे दाता शीश पर,
मेरे दया का हाथ रख।
तू हैं दानी दीन बन्धु,
जगत् का दातार है॥

उसकी दया तो हर वक्त मौजूद है। उसके लिए पात्र होना चाहिए।

फैज़ का दर है खुला,
वो बन्द नहीं हरगिज़।
शर्त ये है कि कोई,
मांगने सायल आये॥

कोई तड़पते हुए दर्देदिल से मांगने आये।

और वह तो दाता है, दानो है जगत का दातार है, सब कुछ देने के लिए तैयार है, मगर कोई लेते वाला तो हो। लोग कहते हैं कि सच्चा हद् गुरु नहीं मिलता, मैं कहता हूं कि सच्चा शिष्य नहीं मिलता। वह गुरु परमतत्वाधार जगत् के अन्दर भी मौजूद है और जगत के बाहर भी मौजूद है। जब वह इस जगत् में आया, तो पहले शिष्य बनकर आया।

पहले दाता शिष्य भया,
तन मन अरपा शीश।
पीछे दाता गुरु भया,
नाम दिया बक्शीश॥

पहले भी वह परमतत्व था और जगत् में लीला करने के बाद भी वह परमतत्व ही रहा। केवल बीच की अवधि में वह नाशवान परिवर्तनशील उसी प्रकार परिवर्तनशील नाशवान व्यक्ति बना, जिस प्रकार एक नाटक का पात्र अनन्त की गली से आता है, रंगमंच पर सान्त बनकर अभिनय करता है। और उसके बाद फिर अनन्त में चला जाता है, उसी प्रकार मनुष्य का व्यक्तित्व अव्यक्त के भंडार से निकलकर कुछ समय के लिए व्यक्त होतो है। और फिर अनन्त व्यक्तित्व में चला जाता है। भगवान श्री कृष्ण जी ने इसी तथ्य की व्याख्या करते हुए अर्जुन को कहा है:

अव्यक्तात व्यक्तया: सर्वे अर्थात पराप्रेमय अव्यक्त के भंडार से उसी प्रेम का आंशिक स्वरूप बनता है। इसो का आशय यही है कि हमें केवल अपने प्रीतम को ही लक्ष्य बनाना चाहिए। 'मुझे मेरा प्रीतम ही चाहिए। शरीर की परवाह नहीं, मन को परवाह नही और आत्मा के आनन्द

की भी परवाह नहीं इतनी तड़प के बाद 'पाछे दाता गुरु भया।" फिर वह उसका ज्ञान दाता; प्रेम दाता बनकर आया, तब 'नाम दिया बक्शीश'। नाम क्या है? नाम वह अवस्था है, वह हालत है, जहाँ पहुंचने के बाद 'तू' और 'मैं' समाप्त हो जाती है। प्रेमी और प्रीतम दोनों मिल जाते हैं। नाम राधास्वामी हालत का नाम है। 'नाम दिया बक्शीश' नाम कैसे दिया? यह नहीं कि आपने उसकी सेवा की, मुठ्ठीचापी की, इसलिए नाम दिया। अरे नाम तो उसने दया के कारण दिया। बक्शीश का अर्थ है कि तुम्हें एक प्रकार का दान दे दिया। नाम का दान सबसे बड़ा दान होता है, जिसे अभयदान भी कहते है। इसलिए पहले वह शिष्य हैं और गुरु मालिक है। लेकिन बाद में वह स्वयं मालिक बन जाता है। इसलिए हमारी परम्परा के अन्दर है कि :

शिष्य निवे गुरु को,
यह जानत सब कोय।
गुरु निवे शिष्य को,
बिरला जाने कोय॥

अगर कोई व्यक्ति गुरु का काम कर रहा है, और वह सतगुरु है, सत् के अन्दर रहता है, प्रकाश और शब्द में रह कर के सत् की अवस्था में रहता है, वह हर प्रकार के दुःखों से, निःस्पति से ऊपर उठ जाता है। उसके लिए न कोई अच्छा है और न कोई बुरा है।

कबीरा खड़ा बाज़ार में,
सबकी मांगे खैर।
न काहू से दोस्ती,
न काहू से बैर॥

सतगुरु अपने अनुभव को बांटता है। यह उसका स्वभाव है। उसको दया मुफ्त में नहीं मिलती। उसकी दया तब मिलती है जब आप उससे प्रेम करते हैं। प्रेम सवाल है और दया उसका जवाब है। इसीलिए वह परमतत्व आधार जगत् का दातार है। सब कुछ देने वाला है। वह सत् में रहता है। जब तक वह अपने शिष्य के अन्दर सत् को नहीं देखता, तब तक वह सतगुरु कैसा? इसलिए कहा है:

शिष्य निवे गुरु को,
यह जानत सब कोय।
गुरु निवे शिष्य को,
बिरला जाने कोय॥

जो असली अनुभवी होगा, वह अपने शिष्य के चरणों में सिर रखकर के कह देगा, कि "तू मेरे सतगुरु का स्वरूप है।" परमदयाल जी महाराज ने दातादयाल जी महाराज को कहा 'महाराज! मुझे वह गुरु बताओ जो प्रकाश और शब्द से परे है। उसका ज्ञान मुझे कैसे होगा।"? दाता दयाल जी महाराज ने कहा, "फ़कीर! मेरे पास कल आना।" दूसरे दिन परमदयाल जी महाराज अपने गुरु दातादयाल जी के पास गए। दातादयाल जी महाराज ने परमदयाल जी महाराज को एक कमरे में बैठा दिया। दातादयाल जी महाराज ने एक नारियल 5 पैसे, एक फूलों की माला ली। पहले उन्होंने परमदयाल जी महाराज को तिलक लगाया, माला पहनाई, नारियल और पांच पैसे हाथ में देकर अपना सिर परमदयाल जी के कदमों में रख दिया और कहा, "फ़कीर! तू इस युग का अवतार है, तू गुरु है। तू लोगों

का सत्संग कराया कर और नाम दिया कर।" गुरु शिष्य का ऐसा सम्बन्ध हमें कहीं भी दिखाई नहीं देता। दातादयाल जो महाराज ने एक शब्द में कहा है :

न मैं राम कृष्ण का सेवक,
ईश ब्रह्म नहीं जानूं ।
मैं तो नाम फ़कीर दिवाना,
सबसे बढ़कर मानूं ॥
जो फ़कीर मोहे दर्शन देवे,
अपना भाग्य सराहूं ॥
अपने तन के चाम की,
जूती पग फ़कीर पहनाऊं ॥

दातादयाल जी महाराज ने ऐसा क्यों कहा, क्योंकि वह स्वयं परमतत्व थे और अपने शिष्य के अन्दर भी उन्होंने परमतत्व को देख लिया था। मैंने जब 'सिद्ध सत पुरुष फ़कीर बाबा' किताब लिखी तो उसके तीन अध्याय परमदयाल जो महाराज के पास भेजे। परमदयाल जो महाराज ने ने मुझे खत लिखा शर्मा! मैं तीन महीने के दौरे के बाद वापस आया हूं। तेरे लिखे हुए तीन अध्याय पढ़े गए। मैं कहीं का कहीं पहुंच गया। अब मुझे यह विश्वास हो गया कि कि तेरी ज़ाते पाक से यह 'सत्यता का धर्म' दुनिया में फैलेगा, फैलेगा, फैलेगा। जो संस्कार दाता ने मुझे दिए थे वह तेरे द्वारा परिपूर्ण हो रहे हैं। अब मैं बहुत खुश हूं। अगर मैं इसी समय अपना चोला छोड़ दूं, तो मुझे कोई दुख नहीं होगा। एक अन्य पत्र मे लिखा, "शर्मा! तू इस वैसाखी पर अवश्य आना I am waiting for your Holiness? महाराज मैं आपकी प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं अपना सिर आपके कदमों में रखता हूं। परमदयाल जो महाराज का

प्रेम देवो। ऐसा वही कर सकता है जिसने अनुभव कर लिया है। जब मैं आपको सद्गुरु रूप कहता हूं, तो ऐसे ही नहीं कह देता। मुझे आपके अन्दर साक्षात् सद्गुरु का रूप दृष्टिगोचर होता है। इसलिए सन्तमत की परम्परा के अन्दर गुरु शिष्य को सिर निवाता है। गुरु शिष्य को नहीं बनाता, बल्कि शिष्य गुरु को बनाता है। यह उल्टा मार्ग है। लेकिन सत्य तो यह है कि :

'मेरे अनुभव में दया करूणा का तू भंडार है।'

वह परमतत्व मालिक जब मनुष्य के चोले में आता है, तब वह दया और करूणा का भण्डार होता है। ऊपर बैठा हुआ अनामी परमतत्व हमारे काम का नहीं है। इसीलिए तुलसीदास जी ने कहा है :

वन्दौ गुरुपद कंज कृपा सिन्धु नररूप हरि

प्रेम हमजिन्स से होता है। जब वह परमतत्व मनुष्य के चोले में आता है, तब हम उससे प्रेम करते हैं। प्रेम देवता से नहीं होता। इसलिए तुलसीदास जी ने गुरु के कमल रूपी चरणों को नमस्कार किया है। नमस्कार का मतलब है कि जैसे ही आप झुके, आपका अहंकार समाप्त हो जायेगा। यही झगड़ा विश्वामित्र में और गुरु वशिष्ठ में था। गुरु वशिष्ठ ब्रह्म ऋषि थे और विश्वामित्र ब्रह्म ऋषि नहीं थे। विश्वामित्र अधिक तपस्या करते थे, जिसके कारण वे रिद्धि सिद्धि में रहते थे। उनको राजऋषि कहा जाता था। विश्वामित्र वशिष्ठ को कहते थे कि तुम मुझे ब्रह्मऋषि कहो।" वशिष्ठ कहते थे कि तुम अभी ब्रह्म ऋषि नहीं बने हो,तो मैं कैसे कह दूं। इसी बात को

लेकर विश्वामित्र ने गुरु वशिष्ठ के पुत्रों को मार दिया, तथा नुकसान भी बहुत किया। एक बार गुरु वशिष्ठ ने अपनी पत्नी को कहा, "आप खाना बनाइये" पत्नी ने कहा, "महाराज ! घर में नमक नहीं है।" वशिष्ठ जी ने कहा, "हमारे पड़ोस में विश्वामित्र रहते हैं, उनके यहां से नमक उधार ले आओ।" पत्नी ने कहा, "महाराज वह तो हमारे शत्रु हैं। उन्होंने हमारे पुत्रों को मार दिया। हमारी गायों को नुकसान पहुंचाया। क्या मैं फिर भी उनके घर नमक लेने जाऊं।" गुरु वशिष्ठ ने कहा, "विश्वामित्र हमारे शत्रु नहीं हैं।" वह तो हमारे मित्र हैं वह विश्व के मित्र हैं। हमारा और उनका सिद्धान्त का मतभेद है। वह कहते हैं कि मैं उन्हें ब्रह्म ऋषि कहूं और मैं कहता हूं कि वे अभी ब्रह्म ऋषि बने नहीं हैं। इसी समय विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ को मारने के लिए भारी पत्थर उठाए अंधेरे में उनके पीछे छुपकर खड़े थे। उन्होंने सोचा कि वह इस पत्थर से ब्रह्म ऋषि वशिष्ठ का खात्मा कर दें। जब उन्होंने ब्रह्म ऋषि वशिष्ठ के प्रेममय वचन सुने, तो उन्होंने पत्थर एक ओर फेंक दिया और अपने सिर को वशिष्ठ जी के चरणों में रख दिया। उनकी यह अहंकार रहित दशा को देखकर वशिष्ठ जी ने कहा, "मेरे प्यारे ब्रह्मऋषि विश्वामित्र उठो।" यह सुनने के विश्वामित्र ने कहा, बाद "आपने मुझे ब्रह्म ऋषि कहा ?" यदि आपने पहले यह कहा होता, तो मैं आपके पुत्रों को मौत के घाट न उतारता, और न आपका नुकसान करता।" वशिष्ट ने कहा, 'विश्वामित्र ! तब तुम ब्रह्म ऋषि बने नहीं थे। अब ज्यों ही झुके, तुम्हारा अहंकार हटा और तुम ब्रह्म ऋषि हो गए।"

जब आप पूरी तरह से झुकते हैं, विश्वास करते हैं, तो मालिक आपको ऊपर उठा लेता है। तुलसीदास जी ने

कहा है :

'बन्दौ गुरुपदकंज कृपा सिन्धु नर रूप हरि'

नर के रूप में जब मालिक आता है, तब वह कृपा का सिन्धु होता है।

महा मोह तम पुन्ज जासु वचन रविकर निकर

सद्गुरु की क्या निशानी है ? सद्गुरु की वाणी को सुनने से आपके अन्दर जो मोह रूपी काला बादल है वह वैसे ही छिन्न भिन्न हो जाता है, जैसे सूर्य की किरणों से काला बादल छिन्न भिन्न हो जाता है। उसी प्रकार गुरु की वाणी से मोह समाप्त हो जाता है। तुम्हारा मोह समाप्त होते ही, तुम पाप पुण्य से ऊपर उठ जाते हो।

मेरे अन्तर में समाना,
मेरे सांसों साँस में।
तू है व्यापक यह समझ दे,
सच्चा जो अधिकार है ॥

हमारी यही इच्छा है कि मालिक हमारे अन्दर समा जाए। वैसे तो हम मालिक के अन्दर समाए हुए हैं, लेकिन मालिक की व्यापकता की समझ कब आती है, जब हम अपने आपको पूर्ण रूप से शरणागत कर देते हैं। प्रेम के अन्दर दो चीजें हैं : 1) प्रेम में अपने आपको भूल जाना 2) जिससे हम प्रेम करते हैं, वैसे ही तदरूप हो जाते हैं। सत्संग के चार दरजे होते हैं 1) सत्संगी पहली बार आते हैं और सत्संग के अन्दर दूर बैठ जाते हैं। केवल सत्संग की हवा खाता है, नज़दीक

नहीं आता। जैसे हरिद्वार के पंडे गंगा नहीं नहाते,, मगर वह गंगा की उस परिधि के अन्दर रहते हैं, जहां गंगा का प्रभाव है। हरिद्वार के कुओं में, नलों में गंगा का पानी है। इस पहले दर्जे को कहते हैं सालोक्य। 2) अब दूसरा दर्जा है कि सत्संगी गुरु के नज़दीक आ गया और उसे गुरु की याद भी आने लगी। जैसे आप गंगा के किनारे पहुंच गए और वहाँ की ठन्डी ठन्डी हवा से आपको शीतलता मिलने लगी। इस दर्जे को कहते हैं सामीप्य। 3) तीसरा दर्जा है कि सत्संगी को नाम लेते लेते इतना प्रेममय हो गया कि उसे हर जगह गुरु का रूप दिखाई देने लगता है। यह जीवन मुक्ति की अवस्था होती है। इसमें मैं समाप्त हो जाती है और जगह तू ही तू दिखाई देने लगता है। अब गंगा के किनारे आने के बाद आपका मन नहाने के लिए करेगा। आप कपड़े उतार कर गंगा में डुबकी लगाते हैं। आपको पानी के अन्दर आनन्द आता है। आप पानी में ओत-प्रोत हो गए अर्थात पानी का ही स्वरूप हो गए अर्थात् मैं का झगड़ा समाप्त हो गया और तू ही तू रह गया।

जब मैं था तब तू नहीं,
जब तू है मैं नाहि।
प्रेम गली अति सांकरी,
वामें दो न समाहि॥

सत्संगी तदरूप हो जाता है। जैसे मालिक किसी से साथ वैरभाव नहीं रखता, वैसे ही आपके अन्दर किसी से

वैरभाव, मित्रता शत्रुता नहीं रहती।

तू तू करता तू भया,
मुझ में रहो न हूं ।
बलिहारी तेरे नाम की,
जित देखूं उत तू"

इस अवस्था को सारूप्य कहते हैं। 4) अब चौथी अवस्था में व्यक्ति पानी के अन्दर डुबकी लगता है और बाहर नहीं निकलता, अर्थात् सत्संगी और मालिक एक हो जाता है, विलीन हो जाता है, इसे कहते हैं सायुज्य :

मेरे अन्तर में समाना,
मेरे सांसों सांस में ।
तू है व्यापक यह समझ दे,
सच्चा जो अधिकार है ॥

जब हमें इस बात का ज्ञान हो गया कि मालिक हर एक के अन्दर व्यापक है। सभी में मुझे उसकी झलक दिखाई देती है, तो मैं नफरत किससे करूं। नफरत करूं तो अपने आप से करूं। सदगुरु सत् में रहने वाला है। वह किसी से नफरत या भेदभाव नहीं करता। जहां भेदभाव आया, वहाँ प्रेम नहीं हो सकता।

आस रखकर गुरु कृपा की,
नित करो अभ्यास तुम ।
रात दिन छिन छिन तुम्हारा,
वह सदा रखवार है ॥

सन्तमत की यह विशेषता है कि इसमें ज़ुबानी जमाखर्च नहीं है। इसमें मेहनत करनी पड़ती है। अभ्यास करने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। मगर अभ्यास गुरु की आस लेकर करो। यदि आप किताबें पढ़कर करोगे, तो मुश्किल हो जायेगी। यहां पर करनी है।

यह करनी का भेद है,
नाहिं बुद्धि विचार।
कथनी छोड़ करनी करे,
तब पावे कुछ सार ॥

अभ्यास क्या है? अभ्यास गुरु से प्रेम करना है। जिस गुरु को तुमने आदर्श माना है, उस गुरु की कृपा से अभ्यास में उससे प्रेम करो। मगर अभ्यास रोज़ाना करना चाहिए :

आस रख कर गुरु कृपा की,
नित करो अभ्यास तुम।

दातादयाल जी महाराज ने अपने हर शब्द के अन्दर 'गुरु कृपा' पर ही अधिक जोर दिया है। क्योंकि गुरु की कृपा, गुरु के सत्संग के बिना अभ्यास करने से तुम्हें अनुभव भी होंगे और सिद्धि शक्ति भी आ जाएगी, लेकिन अभ्यास के बाद जब तुम ऊपर से नीचे आओगे, तो फिर तुम्हारा मन विचलित होगा। इसलिए सत्संगों को शुरू में, मध्य में और अन्त में भी गुरु के सत्संग की आवश्यकता होती है।

कर गुरु की संगत रात दिन,
नर जन्म अपना सुधार ले।
दे फेंक माया बोझ सिर से,
यम का शीश न भार ले॥

इन दो पंक्तियों में कितनी गारन्टी दी है। इसी प्रकार की गारन्टी भगवान श्री कृष्ण ने भी दी है :

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को कहा 'अर्जुन! सभी धर्मों को छोड़कर मेरी शरण में आ जा। तुम्हें सभी रुकावटों से हटाकर अपने पास बुला लूंगा।' यही बात दादूदयाल जी महाराज कह रहे हैं।

'कर गुरु की संगत रात दिन' रात दिन गुरु की संगत का अर्थ है कि लगातार गुरु का ध्यान, गुरु से ही प्रेम करना है। लेकिन अन्धी भक्ति नहीं होनी चाहिए।

एक गुरु के दो शिष्य थे। एक शिष्य दायें पैर को दबाता था और दूसरा बायें पैर को दबाता था। बायीं टांग वाला शिष्य दूसरे शिष्य से कहने लगा 'मैं ज़रा बाहर जा रहा हूं, तुम मेरी बाईं टांग को मत छूना। यह कहकर वह चला गया। कुछ देर के बाद गुरु जी ने अपनी बायीं टाँग दाहिनी टाँग के ऊपर रख दी, जब बाहर गया हुआ शिष्य वापस आया, तो उसने देखा कि बायीं टांग दाहिने टांग पर है। उसे गुस्सा आया और उसने पत्थर मारकर गुरु जी

की बायीं टांग तोड़ दो। गुरु जी दर्द से तड़प उठे। दूसरे शिष्य को भी गुस्सा आ गया कि इसने मेरी दाहिनी टांग तोड़ दी और उसने भी पत्थर उठाया और गुरु जी की बायीं टांग पर दे मारा। गुरु जी स्वर्ग सिधार गए।

गुरु को याद करना, उसके कहने पर अमल करना जरूरी है। 'नर जन्म अपना सुधार ले' धार में मत जा, बल्कि राधा बन जा। सुधार का अर्थ है अच्छी धार। यदि धारा में बहोगे, तो दुनिया में रह जाओगे। जब आप धारा से राधा बनोगे, तब आपका सुधार होगा।

शीश दे तन मन को दे,
गुरु भक्ति रतन अमोल ले।
दे फेंक माया बोझ सिर से,
यम का शीशन भार ले ॥

राधास्वामी अवस्था में रहने वाला सतगुरु तुम्हें क्या कहता है? 'शीश दे' तुम्हारे अन्दर जितने भी अच्छे, बुरे विचार हैं, सबको छोड़ दो। तन की सुध न रहे, मन की सुध न रहे और आत्मा के आनन्द की भी सुध न रहे। 'गुरु भक्ति रतन अमोल ले'। भक्ति रतन की कोई कीमत नहीं' है। उसके मिलने से तुम्हें सब कुछ मिलेगा।

राधास्वामी भेद बताया तुमको,
हिए तराजू तोल ले ॥
अब राधास्वामी अवस्था मे रहने वाला, मस्ती में

रहने वाला स्वयं सद्गुरु ने तुम्हें भेद बता दिया, अब तुम्हारी अपनी मरजी है कि उस पर चलो या न चलो। यह तुम्हारा नया कर्म होगा। तुम सब परमतत्व हो और परमतत्व के अन्दर संकल्प की स्वतन्त्रता होती है गुरु के कहने के बाद भी अगर तुम उसको नहीं अपनाते हो, तो यह तुम्हारा नया कर्म है।

छोड़ो ममता छल कपट चतुराई,
गुरु से नेह जोड़।
भक्ति उसकी कर,
वह सच्चा प्रेम का भंडार है॥

हर जगह उस मालिक की मौजूदगी का एहसास तब होगा, जब आप उससे सच्चा प्यार करोगे।

जहाँ आंख खोली नहीं तुझको पाया,
कहीं ज्योति था तू कहीं था तू छाया॥

जब तुम पूरा प्रेम करोगे, तब तुम्हें हर जगह दिखाई देगा।

कहीं होके परगट दिया,
सब को दर्शन।
कहीं छुप गया,
छुपके छवि को छुपाया॥

परमदयाल जो महाराज कभी कभी कहते थे कि मैं सत्य का अवतार हूं और कभी कहते थे कि मैं कुछ नहीं हूं। लेकिन अन्त में क्या कहा :

दया राधास्वामी की मुझ पर हुई अब ।
परमसन्त औतार धर के चिताया ॥

सतगुरु से सच्चा प्यार करने पर आप पराकाष्ठा पर पहुंच जाते हैं ।

राधास्वामी राधास्वामी राधास्वामी को सुमिर ।
राधास्वामी सर्व रक्षक सर्वदा हितकार है ॥

तीन बार राधास्वामी क्यों कहा ? शरीर में राधास्वामी, मन में राधास्वामी और आत्मा में राधास्वामी । हमारे रोम रोम में 24 घन्टे राधास्वामी हो ।

रोम रोम रग रग मेरी बोली
राधास्वामी राधास्वामी घुण्डी खोली ॥

अब आम आदमी कहेगा कि राधस्वामी को बार बार क्यों कहा है ? क्योंकि रोम रोम के अन्दर गुरु बसा हुआ है, अर्थात् उसका प्रेम बसा हुआ है । राधास्वामी की हालत मिल गई । राधास्वामी की अवस्था में, राधास्वामी की घुण्डी अर्थात् जड़ चेतन की ग्रन्थि को खोल दिया ।

कोटि कोटि करूं बन्दना,
अरब खरब दन्डौत ।
राधास्वामी मिल गए,
खुला भक्ति का स्त्रोत ॥

आम आदमी यह समझेगा कि दण्डवत करने से राधास्वामी रास्ते में चलते हुए मिल गए । लेकिन यह बात नही है । 'कोटि कोटि करू वन्दना' जब वन्दना की मेरा

अहंकार समाप्त हो गया। अरब खरब दण्डौत' 'राधा-स्वामी मिल गए' गुरु और शिष्य जब एक हो गए 'खुला भक्ति का स्त्रोत'। क्यों एक सतगुरु आगे वाले सतगुरु को काम दे जाता हैं,क्योंकि अगर तुम बागो का ऐसे हा पढ़ागे, तो तुम्हारो समझ में नहीं आएगो। तुम्हारी समझ में तब आएगो, जब सद्गुरु अनुभव के आधार पर व्याख्या करके तुम्हें समझाएगा।

राधास्वामो राधास्वामी राधास्वामी को सुमिर।
राधास्वामी सर्व रक्षक सर्वदा हितकार है॥

शरीर की राधास्वामी,मन की राधास्वामी और आत्मा की राधास्वामी। आप 24 घण्टे राधास्वामी की अवस्था में रहेंगे। आप किस प्रकार किसी से नफरत कर सकते हैं। क्योंकि सभी के अन्दर मालिक की झलक दिखाई देती है। आपका जो मालिक से परमतत्व से मिल जाने का, उसमें समा जाने का असली हित है, वह राधास्वामी की भक्ति से ही पूरा हो सकता है।

इन शब्द के साथ मैं आज का सत्संग समाप्त करता हूं और सच्चे दिल से चाहता हूं कि आप इस सत्संग से प्रेरणा लेकर पराभक्ति में रत हो जायें और आपका लोक और परलोक दोनों बन जायें।

सबको राधास्वामी।

मासिक सन्देश

परमसन्त सद्गुरु हिज होलीनेस
हजूर मानव दयाल जी
डा. ईश्वर चन्द्र शर्मा जी महाराज

मेरी अपनी ही आत्मांश, परमप्रिय
सत्संगियो,

राधास्वामी, परमदयाल जी सहाई

नवम्बर के मासिक संदेश में मैंने आपको 28 सितम्बर, 93 तक की सत्संग दौरे की सूचना दी थी, और यह भी कहा था कि आप सब मानव मन्दिर के मासिक संदेश को पढ़ने के लिए उत्सुक रहते हैं। कई स्थानों पर तो वहां के पोस्टमास्टरों ने भी कहा कि वे पहले स्वयं ही 'मानव मन्दिर' पत्रिका पढ़ते हैं। और फिर उसे जिनके नाम पर भेजा हुआ होता है, उन्हें पहुंचा देते हैं। मैं इस मासिक सन्देश के द्वारा उन सभी पोस्टमास्टरों को कहना चाहता हूं

कि वे अपना पता हमें भेज दें और हम उन्हें मानव मन्दिर पत्रिका हमेशा नि:शुल्क भेजा करेंगे।

पिछले मासिक सन्देश में सत्संग के महत्व के सिलसिले में मैंने आपको 'राधास्वामी' शब्द गाने की महिमा बताई थी। राधास्वामी नाम गाने का अर्थ राधास्वामी अवस्था को जीवन में उतारना है। मैंने आपको बताया था कि स्वामी जी महाराज ने इसी दृष्टिकोण को अनेक शब्दों में व्यक्त किया है। एक स्थान पर उन्होंने कहा है :

'राधास्वामी गाय कर,
जन्म सुफल कर ले।
यही नाम निज नाम है,
मन अपने धर ले ॥'

दूसरे शब्दों में इसका भाव यह है कि हमें राधास्वामी अवस्था को अपने जीवन में उतारते हुए इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए हमें परमतत्व में विलीन हो जाना चाहिए। यही हमारी निज अवस्था है, जाते पाक और परम धाम की अवस्था है जिसे अनुभव करने के उद्देश्य से ही हम इस सन्सार में जन्म लेते हैं। उसकी प्राप्त के लिए हमें शरीर, मन और आत्मा के अनुभवों से ऊपर उठ कर परा प्रेम की अवस्था में विलीन होना होता है। कबीर साहब ने इसी धारणा को अपने शब्दों में व्यक्त किया है क्योंकि यह अवस्था सांसारिक सारे अनुभवों से ऊपर की अवस्था है। इसलिए उन्होंने इस हालत को उनमुनि हालत

कहा है। कबीर साहब के शब्दों में :

'कह कबीर यह उनमुनि रहनी,
सोई प्रगट कर गाई ॥
सुख दु:ख से इक परे परम सुख,
सो सुख रहा समाई ॥'

यहां उनमुनि का अर्थ उत्-मुनी है, अर्थात ऊपर की ओर जाने की अवस्था है। जब ऐसी रहनी हो जाती है तो साधक को कुछ करने-धरने की आवश्यकता नहीं रह जाती है। उस समय उसको कबीर साहब के निम्नलिखित शब्द का असली मतलब समझ में आ जाता है। परमदयाल जी महाराज ने मुझे पिट्सबर्ग, अमरीका में कबीर साहब का वह शब्द सुनकर कहा था :

'माला फेरूं न हरि भजूं,
मुख से कहूं न राम।
मेरा राम मुझे भजे,
तब पाऊं विश्राम।'

वास्तविकता तो यह है कि मालिक हममें पूर्णतया नहीं रहता बल्कि हम मालिक में रहते हैं। इस बात की समझ आते ही व्यक्ति आठों याम परम सुख की अवस्था में रहता है। इस अवस्था का प्रभाव कभी भी हटता नहीं है। भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता के दूसरे अध्याय में यही उपदेश देते हुए कहा था :

'दुखेष्वनुद्विग्नमना: सुखेषु विगतस्पृह:।
वीतराग भयक्रोध: स्थितधीर्मुनिरुच्यते ॥'

स्थिर बुद्धि वाला व्यक्ति वही है जो दुःख में दुःखी नहीं होता और सुख में फूल कर उन्मत्त नहीं होता। स्थिर बुद्धि अवस्था ही ब्रह्मी स्थिति कहलाती है। भगवान श्री कृष्ण के शब्दों में :

'एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति।
स्थित्वास्यामन्तकालेपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति ॥'

हे अर्जुन इसी अवस्था को ब्रह्मलीन अवस्था कहा गया है। शरीर त्यागते समय सिद्ध योगी इसी अवस्था में रहता है, जिसके फलस्वरूप वह सीधा परमधाम को प्राप्त होता है।

सद्गुरु, सत्संग और सतनाम के तीन सोपान साधक को सहज ही इस अवस्था पर पहुचा देते हैं। जैसा मैंने पहले बताया है, सदगुरु वह है जो हमेशा सत् में रहता है। इस जगत् में अधिकतर प्रचारक गुरु ही कहलाते हैं। चाहे उन्होंने सुरत-शब्द अभ्यास से जीवनमुक्ति ही क्यों न प्राप्त कर ली हो, फिर भी वे परम अवस्था से वंचित रहते हैं। बल्कि सिद्धि शक्ति प्राप्त होने के कारण उनमें अहंकार आ जाता है। और अहंकार ही जीव और परमतत्व के बीच एक बड़ी गहरी खाई है। यह अहंकार इतना सूक्ष्म होता है कि बड़े से बड़े ज्ञानी साधक भी इसके शिकार हो जाते हैं। कोई ही कोई बिरला ज्ञानी जिसका ज्ञान व्यापक प्रेम में बदल जाता है, परम अवस्था को प्राप्त होता है। दाता दयाल जी महाराज की वाणी है :

'लीला अगम अपार अमाया,
अदभुत् क्या कोई जाने ।
ऋषि मुनि योगी पार न पावें,
ज्ञानी नहिं पहिचानें ॥'

जगत् की यह लीला अगम है अर्थात् इसका कोई अन्त नहीं, वारापार नहीं, और यह विश्वव्यापी माया से भी परे है। ऋषि, मुनि और योगी इसकी तह तक नहीं पहुंच सकते और ज्ञानी इसे पूरी तरह नहीं पहचानते। इस सम्बन्ध में ब्रह्मऋषि वशिष्ठ और राजऋषि विश्वामित्र की परस्पर स्पर्धा का विवरण देना यहां आवश्यक है। यह पौराणिक गाथा है जो गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामायण में परोक्ष रूप से बताई है। वशिष्ठ और विश्वामित्र हमारे इस मनवंतर के त्रेता युग में रहे थे। राजर्षि विश्वामित्र वशिष्ट से आग्रह करते कि वे उन्हें ब्रह्मर्षि कह कर सम्बोधित करें। किन्तु वशिष्ट जी उन्हें ऐसा इसलिए नहीं कहते थे कि विश्वामित्र अपनी सिद्धि-शक्ति के अहंकार से मुक्त नहीं हुए थे। इसी अहंकारवश विश्वामित्र ने वशिष्ट की लाखों गौवें खत्म कर दीं और उनके आठ पुत्रों को भी मार डाला। फिर भी वशिष्ट विश्वामित्र का सम्मान करते हुए भी उन्हें ब्रह्मर्षि नहीं कहते थे। एक दिन रात के समय ब्रह्मर्षि वशिष्ट ने अपनी पत्नी से कहा कि वे भोजन बनावें। उनकी पत्नी ने उत्तर दिया, "भोजन तो मैं तैयार कर दूं, पर नमक घर में नहीं है।" ब्रह्मर्षि वशिष्ट ने कहा, "कोई बात नहीं, विश्वामित्र हमारे पड़ोसी हैं, उनके घर से नमक उधार ले लो।" पत्नी ने चौंक कर कहा, "यह कैसे हो सकता है? उन्होंने हमारी सम्पत्ति नष्ट कर

दी और सन्तानों को मार डाला। भला मैं उनके घर से नमक कैसे मांग सकती हूं ?" वशिष्ट ने कहा, "नहीं, उनके प्रति तुम्हारा यह भाव उचित नहीं। वह तो सारे विश्व के मित्र हैं, जगत् कल्याण के लिए ही उन्होंने गायत्री मन्त्र की रचना की है। मेरा उनका मतभेद केवल सिद्धान्तों का है, वे भक्ति के मुकाबले सिद्धि शक्ति को श्रेष्ठ मानते हैं, जबकि भक्ति का दर्जा श्रेष्ठ है। जब उनका यह अहंकार उनके हृदय से समाप्त हो जाएगा तो वे स्वत: ब्रह्मर्षि हो जायेंगे। मेरा उनका व्यक्तिगत रूप से कोई मतभेद नहीं।

राजर्षि विश्वामित्र उसी समय रात के अन्धेरे में वशिष्ट को जान से मार डालने के विचार से हाथों में पत्थर लिए उनकी कुटी के पीछे खड़े थे। ज्यों ही उन्होंने वशिष्ट के मुख से अपने प्रति इतने उच्च प्रेममय शब्द सुने, हाथ का पत्थर एक तरफ फैंका और जा कर अपना सिर वशिष्ट के चरणों में रख दिया। उसी समय ब्रह्मर्षि वशिष्ठ ने उन्हें उठा कर अपने हृदय से लगा लिया और कहा :

"हे ब्रह्मर्षि विश्वामित्र उठो।"

वशिष्ठ के मुख से ये शब्द सुनते ही विश्वामित्र उठ कर बोले : 'आप ने मुझे ब्रह्मर्षि कहा ?" वशिष्ट ने कहा, 'हां, मैंने तुम्हें ब्रह्मर्षि कहा, क्योंकि तुम में सिद्धि शक्ति का अहंकार समाप्त हो गया, और तुम अब ब्रह्मर्षि हो।" विश्वामित्र ने कहा : 'यदि आपने यही शब्द पहले ही कहा होता तो मैं आपकी इतनी हानि न करता।" इस प्रकार दोनों ऋषियों ने विश्व में एक मिसाल कायम कर दी जिससे

यह साबित हो जाता है कि प्रेम में भक्ति और ज्ञान में कोई भेद नहीं होता।

जैसा मैंने पहले बताया है कि 28 सितम्बर तक मैं मानवता मन्दिर पहुंच गया था, अक्टूबर महीने में अधिकतर समय दैनिक दिनचर्या में बीता। मासिक सन्देश लिखा गया। 24 अक्टूबर को दिल्ली दशहरा सत्संग कार्यक्रम निश्चित था। उससे पहले हर वर्ष की तरह मोदी नगर में सत्संग हुआ। दशहरा से एक दिन पहले मैं सालवान पब्लिक स्कूल पहुंच गया। वहां दूर दूर से सैंकड़ों सत्संगी आ पहुंचे थे। श्री शिवदत्त सलवान तथा उनकी सुयोग्या सह-धर्मिणी श्रीमती राज सलवान इस अवसर पर सलवान स्कूल को बड़े सुन्दर रूप में सुसज्जित करते हैं। कई वर्षों से उन्होंने यह अनुभव किया कि स्कूल का सभा भवन छोटा पड़ता है, इसलिए उन्होंने एक बहुत बड़ा सभा मंडप खेल के मैदान में निर्माण कराया है, और उसके आगे शामयाना लग जाने से दस हजार से अधिक सत्संगी बैठ सकते हैं। सलवान परिवार की यह सेवा और परम दयाल जी महाराज के प्रति यह अगाध श्रद्धा अपने आप में एक महान् आदर्श है। मैं मैं सच्चे दिल से चाहता हूं कि उनकी यह श्रद्धा भावना सभी सत्संगियों को प्रेरणा प्रदान करे।

24 अक्टूबर को दशहरा सन्त सम्मेलन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ और 29 अक्टूबर को मैं अमरीका को रवाना हो गया। लंदन से हमने अमरीकन एयर लाइन द्वारा न्यूयार्क पहुंचना था। हमारा वायुयान ठीक समय पर रवाना हुआ किन्तु न्यूयार्क में भीषण आंधी-तूफान के कारण हमारा वायुयान न्यूयार्क न जा सका। न्यूयार्क की सलाह के मुताबिक

हमारा वायुयान केनेडा के माँण्ट्रियल हवाई अड्डे की तरफ भेज दिया गया। अभी हमारा वायुयान मॉण्ट्रियुल पर उतरा नहीं था कि उसका अगला इञ्जन फेल हो गया। वायुयान के चालकों की कोठरी में अन्धेरा छा गया। मुसाफ़िरों के कक्ष में रोशनी थी। वायुयान के चालकों ने मुसाफिरों को यह कह कर ढाड़स बंधाया कि'आप लोग किसी प्रकार की चिन्ता न करें। नीचे आपकी सुरक्षा के लिए सारी व्यवस्था हुई 2 है। हमारा विमान आराम से उतर जाएगा।' जब हमारा विमान हवाई अड्डे पर उतरने हो वाला था कि उतरने से पहले ही दूसरा इञ्जन भी फ़ेल हो गया। मैं अपने सद्गुरु की याद में मग्न रहा। मुझे ऐसा लगा कि परमदयाल जी महाराज ने अपने हाथों में विमान को लेकर उतार दिया।

